मुख्यमंत्री ने राजगढ़, लाडनू, पीपल्दा, सुल्तानपुर तथा चौथ का बरवाड़ा में स्टेडियम निर्माण की दी स्वीकृति

चर्चा में क्यों?

13 दिसंबर, 2022 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिये महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मेजर ध्यानचंद स्टेडियम योजना के तहत प्रदेश के राजगढ़, लाडनू, पीपल्दा, सुल्तानपुर तथा चौथ का बरवाड़ा में स्टेडियम निर्माण के लिये राज्यांश के रूप में 1 करोड़ 85 लाख रुपए प्रदान करने की मंज़ूरी दी है।

प्रमुख बिंदु

- प्रस्ताव के अनुसार, राजगढ़ (चुरू) में स्टेडियम निर्माण के लिये 1 करोड़ रुपए, लाडनू (नागौर), पीपल्दा एवं सुल्तानपुर (कोटा) में स्टेडियम निर्माण के लिये 25-25 लाख रुपए तथा चौथ का बरवाड़ा (सवाई माधोपुर) में स्टेडियम निर्माण के लिये 10 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।
- स्टेडियम निर्माण से प्रदेश के खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास के लिये स्थानीय स्तर पर ही बेहतर खेल सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2021-22 के बजट में 'मेजर ध्यानचंद योजना' के तहत ब्लॉक स्तर पर स्टेडियम निर्माण की घोषणा की गई थी।
- इस योजना के तहत विभिन्न स्थानों पर स्टेडियम निर्माण के लिये सांसद अथवा विधायक निधि, जनप्रतिनिधि, जन सहयोग, स्थानीय निकाय या सीएसआर फंड से प्राप्त राशि के बराबर अंशदान राशि राज्यांश के रूप में दिये जाने का प्रावधान किया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-chief-minister-approved-the-construction-of-stadiums-in-rajgarh,-ladnun,-peepalda,-sultanpur-chauth-barwada